आई टी एल पब्लिक स्कूल
पुनरावृति कार्यपत्रिका सामयिक परीक्षा 2 (2025-26)
विषय- हिंदी
उत्तरकुँजी

दिनांक ः दिसंबर 2025 | कक्षाः चतुर्थ
नाम ः | रोल नंः
समय ः 1 घंटा | कुल अंक ः 20

सामान्य निर्देश- 1)इस कार्यपत्रिका में 2 पृष्ठ, 3 भाग और कुल 6 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | भाग क पठन कौशल | |
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।<br>एक बार गौतम बुद्ध एक गाँव में गए वहाँ लोग अपनी अलग- अलग परेशानियाँ लेकर उनके पास जाते और उसका हल लेकर खुशी-खुशी वहाँ से लौटते।उसी जगह योगेश नाम का एक गरीब भी बैठा था। जब उसकी बारी आई तो वह बोला कि भगवन इस गाँव में सभी लोग सुखी व प्रसन्न हैं।फिर मैं ही क्यों दुखी व गरीब हूँ? महात्माजी बोले कि तुमने आजतक किसी को कुछ नहीं दिया इसलिए तुम गरीब और दुखी हो। उसने हैरान होकर पूछा- मेरे पास भला दूसरों को देने के लिए है ही क्या? महात्माजी बोले- दूसरों को देने के लिए तुम्हारे पास बहुत कुछ है। तुम्हारी मुस्कुराहट जिससे तुम लोगों में आशा का भाव भर सकते हो। मुख से मीठे बोल बोलकर दूसरों की प्रशंसा कर सकते हो। दो हाथ दिए है जिससे दूसरों की मदद कर सकते हो। ये तीन चीजें जिसके पास हो वे कैसे गरीब हो सकता है। योगेश को गौतम बुद्ध की सारी बात समझ आ गई और वह अब गरीब नहीं रहा । | |
| | (क) लोग गौतम बुद्ध के पास क्यों आते थे ?<br>उत्तरः लोग गौतम बुद्ध के पास अपनी अलग- अलग परेशानियाँ लेकर उनके पास जाते और उसका हल लेकर खुशी-खुशी वहाँ से लौटते। | |
| | (ख) योगेश की बारी आने पर उसने क्या पूछा?<br>उत्तरः जब यागेश की बारी आई तो वह बोला कि भगवन इस गाँव में सभी लोग सुखी व प्रसन्न हैं।फिर मैं ही क्यों दुखी व गरीब हूँ? | |
| | (ग) महात्मा जी ने किन तीन चीजों के बारे में बताया?<br>उत्तरः महात्मा जी ने तीन चीजों के बारे में कहा -तुम्हारी मुस्कुराहट, मुख से मीठे बोल, दो हाथ जिससे दूसरों की मदद कर सकते हो। | |
| | (घ) लोगों में आशा का भाव कैसे भर सकते हैं?<br>उत्तरः हमारी मुस्कुराहट से लोगों में आशा का भाव भर सकते है। | |
| | (ङ) निम्न शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश मे से ढूँढकर लिखिए।<br>कड़वे ——मीठे—— अमीर ————गरीब———— | |
| | भाग ख भाषा कौशल | |
| प्रश्न 2 | दिए गए एक शब्द के लिए वाक्यांश लिखिए।<br>(क) सर्वज्ञ जो सब कुछ जानता है | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) सदाचारी- जिसका आचरण अच्छा हो<br>(ग) अग्रज - बड़ा भाई<br>(घ) स्मरणीय - याद रखने योग्य | |
| प्रश्न 3 | रेखांकित संज्ञा के स्थान पर सर्वनाम लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>(क) सुनीता ने पिताजी के लिए कुरता खरीदा।<br>(क) सुनीता ने उनके लिए कुरता खरीदा।<br>(ख) मैंने और राम ने सामान खरीदा।<br>(ख) हम ने सामान खरीदा।<br>(ग) कल आरव दिल्ली घूमने जा रहा है।<br>(ग) कल वह दिल्ली घूमने जा रहा है। | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द भरें ।<br>(क) राधा ने ...सबको......... कहानी सुनाई।<br>(ख) ...हमने............... पेड़ से फल तोड़े।<br>(ग) ......उसे.........कुएँ से पानी खींचना पसंद है।<br>(घ) ......मेरी... दीवार का रंग नीला है। | |
| | भाग- ग साहित्य कौशल | |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए।<br>(क) कैमरे की कार्यप्रणाली को किसने व कैसे समझाया?<br>उत्तर: चाचा ने बताया कि कैमरा प्रकाश और छाया के खेल से चित्र बनाता है और हू-ब-हू वैसा ही रूप कागज़ पर लाता है।<br>(ख) कैमरा क्या करता है व चित्र कैसे खींचता है?<br>उत्तर: कैमरा बहुत जल्दी खट्‌ाक की आवाज़ के साथ किसी वस्तु या दृश्य की तस्वीर खींचता है<br>(ग) लेखक ने कैमरे की तुलना .........आँखों ...... से की है<br>(घ) "जहाँ अति होती है वहाँ क्षति होती है।" यह वाक्य किसने ,किससे कहा?<br>उत्तरः यह वाक्य रबड़ी जी ने लड्डू दादा से कहा।<br>(ङ) शब्द अर्थ लिखिए।<br>1) प्रथा - रिवाज़     2)नियंत्रण- काबू<br>3) अध्यक्ष- प्रधान /मुखिया     4) निर्णय- फैसला<br>5) रूप- आकार या शक्ल। | |
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए।<br>(क) लड्डू दादा ने क्या-क्या सुझाव दिए?<br>उत्तर: लड्डू दादा ने सुझाव दिया कि मिठाइयों में शक्कर की मात्रा कम करनी चाहिए और लोगों को संयम से मिठाई का सेवन करना चाहिए। साथ ही, लोगों को नियमित व्यायाम कर स्वस्थ रहना चाहिए।<br>(ख)कविता में कैमरे की कौन-कौन सी विशेषताएँ बताई गई हैं?<br>उत्तर: कैमरे की विशेषताएँ:<br>क)कैमरा असली रूप जैसा हू-ब-हू चित्र बनाता है।<br>ख)खोटा-खरा जैसा भी होगा, वैसा ही चित्र आएगा।<br>ग)कैमरा फूलों, पक्षियों, और परिवार के सदस्यों का भी सुंदर चित्र खींच सकता है।<br>(ग) कैमरे की मदद से हम किन्हें पास रख सकते हैं?<br>उत्तर: कैमरे की मदद से हम अपने प्रियजनों जैसे बूढ़े बाबा और छोटी अम्मा को पास रख सकते हैं, चाहे वे हमारे साथ न हों। | |